# जे.एल.एन. अस्पताल में डॉक्टर्स ने किया आपातकालीन इकाई के बाहर प्रदर्शन

## रेजीडेंट डॉक्टर्स का दो घंटे कार्य बहिष्कार का चौथे दिन भी जारी



जेएलएन अस्पताल में ओपीडी के बाहर प्रदर्शन करते रेजीडेंट।

- अस्पताल आने वाले मरीज हो रहे परेशान
- स्टाइपेंड और अनिवार्य बॉन्ड नीति पर नाराजगी
- विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती की मांग

**अजमेर,** (कासं)। राज्य के मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सहित मुख्य रूप से सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, स्टाइपेंड में वृद्धि और अनिवार्य बॉन्ड नीति का सहित अन्य मांगों को लेकर रेजीडेंट डॉक्टरों का दो घंटे का कार्य बहिष्कार चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रहा।

जवाहर लाल नेहरू (जे.एल.एन.) अस्पताल में रेजीडेट डॉक्टर्स ने गुरुवार को आपातकालीन इकाई के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्य बहिष्कार के दौरान चिकित्सा व्यवस्था पटरी से उतरती जा रही है। अजमेर में रेजीडेंट की हड़ताल के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि यह मुद्दा लंबे समय से अटका हुआ है, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई समाधान नहीं किया गया है। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन जेएलएन इकाई के अध्यक्ष डॉ. दिलराज मीणा ने बताया कि राज्यभर के सभी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों ने सुरक्षा और बुनियादी ढांचे की स्थिति को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि पूर्व में हुए समझौतों पर अब तक कोई अमल नहीं किया गया है। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी ढांचा पूर्व समझौतों के अनुरूप सुदृढ़ किया जाए।

डॉक्टरों ने स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग करते हुए कहा है कि राजस्थान में स्टाइपेंड अन्य राज्यों की तुलना में कम है, यहां तक कि बिहार जैसे आर्थिक रूप से कमजोर राज्य से भी कम है। इसके साथ ही अनिवार्य बॉन्ड नीति और सीट छोड़ने पर भारी पेनल्टी के प्रावधान पर भी असहमति जताई गई है। डॉक्टरों ने इस नीति को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की तरह एनएमसी की सिफारिशों के अनुसार संशोधित करने की मांग की है।

डॉक्टरों ने विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती का भी मुद्दा उठाया है, ताकि पोस्टग्रेजुएट और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को योग्यता आधारित नौकरियों का अवसर मिल सके और राजस्थान की जनता को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही उन्होंने उन विभागों में जूनियर विशेषज्ञों की भर्ती की मांग की है जहां पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री दी जाती है।

डॉक्टरों ने हॉस्टल की स्थिति में सुधार और एनएमसी के निर्देशानुसार एचआरए की मांग भी उठाई है। साथ ही शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक सीनियर रेजिडेंट्स के बीच वेतन असमानता को दूर करने की मांग की है। एलोपैथी चिकित्सा महाविद्यालयों में इन सर्विस डॉक्टरों के वेतन और स्टाइपेंड में असमानता को भी उन्होंने एक बड़ी विसंगति बताया है, जिसे जल्द सुलझाने की मांग की है।

## शरद पूर्णिमा पर औषधि बांटी

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। कृष्णगढ़ परमार्थ संस्थान की और से शरद पूर्णिमा पर राधा सर्वेश्वर मंदिर में करीब तेरह सौ लोगो को खीर में बनी आयुर्वेदिक औषधि वितरण की गई। माणकचंद भट्टड़ मेमोरियल ट्रस्ट, आयुर्वेदिक औषधालय व काबरा सेवा संस्थान जयपुर के सौजन्य से बनाई गई रामबाण ओषधि से अस्थमा, एलर्जी से पीड़ित रोगियों को बड़ी राहत मिल सकेगी। नामचीन वैध के मार्गदर्शन से रोगियों को परहेज निर्देशों के साथ मंगलमय नक्षत्र रात 12.15 बजे औषधि का सेवन कराया।

राधा सर्वेश्वर संकीर्तन मंडल के सहयोग से सुमधुर भजनों का आयोजन हुआ। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उपखण्ड अधिकारी निशा सहारण, आयुक्त सीता वर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रही। संस्थान के आनन्द दरगड ने नियमित 365 दिन चल रहे परोपकारी प्रकल्प जल सेवा, भोजन सेवा, चिकित्सा सेवा, शिक्षा सेवा, दिव्यांग सेवा व जीव जंतु सेवा के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान श्यामसुंदर दरगड़, कंचन भट्टड़, चंदू मणियार, बालकिशन भट्टड़, गणेश राठी, गणपत शर्मा, गिरधर भट्टड़, श्रीभट्टड, राकेश बंसल, मोहन काबरा, नंदकिशोर राठी, मणि भट्टड़, रसिक दरगड, अभिषेक राठी, सर्वेश्वर राठी, नितेश माहेश्वरी, धीरज पाटोदी, अंजलि दरगड़, विभा पाटोदी, दीपक शर्मा, सुशील शर्मा, दिनेश दरक आदि ने सहयोग दिया।संचालन आनन्द दरगड़ ने किया।

## मंत्री रघुराज का स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। यूपी के श्रम मंत्री शामिल ठाकुर रघुराज सिंह के किशनगढ़ पहुंचने पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हेमंत सिंह हरनावा के आवास पर स्वागत अभिनन्दन किया गया। मंत्री रघुराज सिंह दो दिवसीय राजस्थान प्रवास पर है। श्रम मंत्री और युवा नेता हेमंत सिंह निकटतम पारावरिक मित्र है। गुरुवार को अजमेर जाते समय मंत्री रघुराज सिंह अपने मित्र हेमंत सिंह हरनावा के आवास पहुंचे। इस अवसर पर पार्षद जगदीश सिंह काकोसा, तेजपाल सिंह, शरद शर्मा सहित कई भाजपाईयों ने स्वागत किया।


### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/556 दिनांक: 16/10/24

**आपत्ति सूचना**

श्री सुनीत मिश्रा पुत्र स्व. श्री बसन्त कुमार मिश्रा निवासी 1229/28 बिहारी गंज नसीराबाद रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति जिसका ए.एम.सी. सं. 513/25 = 1229/282402/21 का बी पार्ट है जो वाकै बिहारी गंज नसीराबाद रोड, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 16531 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - मुख्य नसीराबाद रोड पश्चिम - बरसाती नाला
उत्तर - इसी सम्पति सी पार्ट अमित मिश्रा दक्षिण - इसी सम्पति का ए पार्ट श्री ललित मिश्रा

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101300 दिनांक- 17/10/2024

**लोक सूचना**

श्री JAGDEV SINGH पुत्र श्री SAMPAT SINGH जाति RAJPUT निवासी V & P - NIMBAHERA KALAN, TEH. - BANERA, DIST. - BHILWARA, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन ईकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कानस, पुष्कर (अजमेर) | JAGDEV SINGH | 1912/1609 | 698 | 0.0698 |
| | | | | कुल | 0.0698 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17/10/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांक-तामीरात /1071 दिनांक: 17/10/2024

**उजरदारी नोटिस**

श्री जयसिंह पंवार पिता श्री दुर्गालाल निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर शास्त्रीनगर द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या-5-B-03-30X64=1920 वर्गफीट शिवचरण माथुर कॉलोनी अत: इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुये एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ौस विवरण
पूर्व- भूखण्ड सं. 05-8-26 व 27 स्थित पश्चिम - आम रास्ता - 80 फीट का
उत्तर - भूखण्ड सं. 5-B-02 दक्षिण - भूखण्ड सं. 5-B-04 स्थित

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गुलाबपुरा


## ब्रिटिश हुकूमत को हिलाने वाले थे वीरवर जोरावर सिंह: कुमावत


स्वतंत्रता सेनानी ठा. जोरावरसिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर त्रिमूर्ति स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हुए

**शाहपुरा,** (निसं.)। शाहपुरा के महान स्वतंत्रता सेनानी ठा. जोरावरसिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के सदस्यों ने त्रिमूर्ति स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के प्रचार प्रमुख बसंत कुमार वैष्णव ने बताया कि 17अक्टूबर को जोरावर सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर संस्थान के सदस्यों ने त्रिमूर्ति बारहठ स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने वीरवर जोरावर सिंह बारहठ के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा है जोरावर सिंह बारहठ शाहपुरा की धरती का वह क्रांतिकारी था जिसने चांदनी चौक में लॉर्ड हार्डिंग पर बम फेंक कर पूरी ब्रिटिश हुकूमत को हिला दिया । ब्रिटिश हुकूमत उन्हें लार्ड हार्डिंग पर चांदनी चौक में बम फैंकने के मुख्य आरोपी के रूप में तलाशती रही लेकिन वे मध्य प्रदेश के एकलगढ़ क्षेत्र में बाबा अमर दास बैरागी के नाम से निरंतर अपनी गतिविधियां संचालित करते रहे और जीवन पर्यंत ब्रिटिश हुकूमत उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई । वे स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी केसरीसिंह बारहठ (देव खेड़ा) के छोटे भाई थे। इस अवसर पर संस्थान के कार्यालय प्रमुख सुरेश चंद्र घुसर, पुष्पेंद्र कोली, लादु लाल खटीक, श्याम गुर्जर, राजेंद्र कुमार खटीक, सुरेंद्र वैष्णव, हंसराज चौधरी, सोनू घुसर, उत्तम राम, नवीन मराठा, हितांशु के माण्डेला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता की सुरक्षा पर असर नहीं पड़ने देंगे : एएसपी आर्य

**शाहपुरा,** (निसं)।जिले के नए एएसपी राजेश आर्य ने पद संभालने के पश्चात पत्रकारों की प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कानून व्यवस्था बेहतर बनाने और जनता को सुरक्षित माहौल देने का भरोसा दिलाया ।

एएसपी आर्य ने कहा ऐसे प्रयास किए जाएंगे जिससे जनता को बेहतर पुलिसिंग का अनुभव हो सके थानों में आने वाले फरियादियों को उचित जवाब मिलेगा उनकी शिकायतें पर त्वरित कार्यवाही करेंगे जिले में है सामाजिक तत्व व अफवाहें फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी जिले में पुलिस बल में कुछ कमी है फिर भी जिले में पुलिस सदैव अलर्ट रहेगी शहर मे नियमित गश्त होगी नफरी की कमी है लेकिन इसका असर जनता की सुरक्षा पर नहीं पढ़ने देंगे।

प्रेस वार्ता में पत्रकार ने अवगत कराया कि पुलिस चौकी के सामने वह जहाजपुर मार्ग तक आए एक दिन जाम लगते रहते हैं चार पुलिस कर्मियों की स्थाई ड्यूटी लगाने पर इस समस्या का समाधान हो जाएगा एडिशनल एसपी ने तुरंत इस पर कार्य करने का आश्वासन दिया।

## हरिभाऊ उपाध्याय नगर में 1.13 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी सड़क

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीपावली से पूर्व शहर की अधिकांश सड़कों का निर्माण, जीर्णोद्वार एवं मरम्मत का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम को निर्देशित किया गया है। एलीवेटेड रोड के नीचे सड़क भी 6.15 करोड़ की लागत से सही करवाई जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को हरिभाऊ उपाध्याय नगर ए ब्लॉक में 1.13 करोड़ रूपए के सड़क निर्माण कार्य एवं आंतेड़ माता मंदिर में पुलिया व छतरी योजना में ट्यूबवैल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र अन्तिम सिरे पर होने के कारण पेयजल आपूर्ति की समस्या रही है। अब इसे टेल एण्ड से फ्रण्ट एण्ड का बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यहां तीन रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। भूमि आवंटन भी किया गया है। बीसलपुर बांध से निर्भरता कम करने के लिए पहली बार फॉयसागर झील का पानी पेयजल के लिए उपलब्ध हुआ है। यहां से 4.5 एमएलडी पानी लेने के लिए एक करोड़ की राशि उपलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार अजमेर शहर के पारम्परिक जल स्त्रोतों 22 बावडियों का चिन्हीकरण कर पानी फिल्टर प्लांट तक लाया जाएगा। बिसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इण्टेक वेल भी बनाया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना से फॉयसागर को जोड़ने से हमेशा पानी भरा रहेगा। जलदाय विभाग के पम्पिंग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूर्त्ति क लिए अतिरिक्त फिडर से जोड़ने के लिए भी पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने कहा कि अजमेर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी प्रकार आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाईट चिकित्सालय बनेगा।

उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। यहां तक सुगम पहूंच सुनिश्चित करने के लिए चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी। इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास की गति अनवरत बनी रहेगी।

## रेलवे अस्पताल का समय पूर्व की भांति करने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। रेलवे चिकित्सायल का आउट डोर चिकित्सालय का समय पूर्व की भांति अजमेर के प्रमुख कारखानों के अनुरूप करने की मांग को लेकर रेलवे संगठनों द्वारा शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अजमेर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारी परिषद के कारखाने के जोनल अध्यक्ष तरुण वर्मा और रेलवे सिन्धु सभा के महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में शुक्रवार को रेल कर्मचारियों द्वारा ब्यावर रोड स्थित मंडल रेलवे चिकित्सालय स्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अरुण कुमार को दोपहर में 4 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि रेलवे चिकित्सायल का आउट डोर चिकित्सालय का समय अजमेर के प्रमुख कारखानों के अनुसार पूर्व की भान्ति दो शिफ्ट में प्रात: 9 बजे से दोपहर एक और सायं 5 बजे से 6:30 बजे तक किया जाए। जोकि रेलवे कर्मचारियो के साथ-साथ उनके परिवार को भी उचित लगता है। यहां उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अरूण कुमार को पूर्व में प्रतिनिधी मंडल के तरुण वर्मा और रमेश लालवानी द्वारा बताया जा चुका है कि कोरोना काल में चिकित्सालय का समय एक पारी किया गया था।


### NAME CHANGE

I, Abhijeet Singh, S/o Amarjit Singh, R/o B-4/790 Old Radha Swami Street, Sekha Fatak, Barnala, Punjab, hereby declare that my father's name has been incorrectly spelled as "Amarjeet Singh" instead of "Amarjit Singh" in my 10th Class Marksheet (CBSE, 2023). The correct spelling should be considered for all purposes.

### नाम परिवर्तन

मैं गीता यादव. आर्मी नं. 15715851 एच नायक अंकित की पत्नी हूँ। जो वर्तमान में ग्राम-लिलोध, पोस्ट-लिलोध, तह-कोसली, जिला-रेवाड़ी, राज्य-हरियाणा पिन 123303 में रहती हूँ। मैंने अपना नाम गीता यादव से बदलकर गीता कर लिया है। हलफनामा संख्या बी.डब्लू. 942073 दिनांक 16/10/2024

### नाम परिवर्तन


मैंने अपना नाम खेमराज माली से बदलकर खेमराज भाटी रख लिया है अत: भविष्य में सभी आवश्यक कार्यों हेतु इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता- खेमराज भाटी, 735/2, भाटी भवन, भोपो का बाड़ा, अजमेर, राजस्थान।

### आम सूचना

मेरा भाई अजय वैष्णव पुत्र बनवारीलाल जाति साद निवासी ग्राम काकलवाड़ा की मृत्यु दिनांक 20-06-2016 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम काकलवाड़ा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत का काकलवाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई अजय वैष्णव का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रार्थी- विजय वैष्णव पुत्र बनवारीलाल साद ग्राम काकलवाड़ा तहसील अरांई ( अजमेर )


# केसरिया भांत, खीर, मालपुए का ठाकुरजी को लगाया भोग

## दो दिवसीय बरसनी चारभुजा नाथ के मेले का आयोजन


आसींद के निकटवर्ती ग्राम बरसनी में चारभुजा नाथ मेले का दो दिवसीय आयोजन हुआ।

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद निकटवर्ती ग्राम बरसनी में शरद पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय चारभुजानाथ के मेले का शुभारंभ हुआ । गुरुवार को सुबह ठाकुरजी महाराज को रत्न जड़ित नई पोशाक पहनाई गई तथा मंगला आरती उतारी । सुबह से ही दूर दराज से आने वाले श्रद्धालू ने चारभुजानाथ मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन लाभ लेकर सुख समृद्धि की व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की ।

सुबह से ही भक्तजनों की दर्शन के लिए कतार में लगे रहे । शाम को सवा चार बजे ठाकुरजी को रथ में बिठाकर नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली इस दौरान भक्तों ने चारभुजानाथ के रंग मत डाले रे सांवरिया म्हारो गुर्जर मारे रे रंग मत डाले रे...मीठे रस से भरियो रे राधा रानी लागे राधा रानी लागे म्हाने जमना जी रो पानी खारों खारों लागे...जैसे भजनों पर झूम उठे । बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा के दौरान ठाकुरजी संग भक्तों ने सुगंधित अबीर गुलाल खेली । इसके बाद गांव के मुख्य बाजार से होते हुए ठाकुरजी पुन: मंदिर में विराजमान हुए । शोभायात्रा शाम तक मंदिर परिसर पहुंची तो हजारों की तादाद मे लोगों ने ठाकुरजी का स्वागत किया ।

मेले में बरसनी ग्राम पंचायत के गांवों सहित शंभूगढ़, आमेसर, हाजियास, भारलियास, सोडार सहित आस पास गांवों के लोगों की भीड़ जमा हो गई इसी के साथ धीरे धीरे मेले की भी रौनक बढ़ने लगी । ग्रहणी महिलाओं ने घरेलू सामग्री की खरीददारी की तो युवक युवतियों ने चाट, पकौड़ा, आइसक्रीम, मिठाई खाने की तथा झूले झूलने का आनंद वही छोटे छोटे बच्चों ने भी मिक्की माउस झूले तो अन्य खिलौने मनोरंजन की चीजों की खरीददारी की । इस दौरान मेले में लगी मिठाई , चाट पकौड़ी की दुकानों पर अच्छी भीड़ देखने को मिली । मेले की पूर्व संध्या पर रात्रि जागरण लगाया गया जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा ठाकुरजी के भजनों की प्रस्तुतियां दीं । शरद पूर्णिमा होने पर चारभुजा मित्र मंडल की ओर से 151 किलो दुग्ध की खीर का ठाकुरजी को भोग लगाया व प्रसाद वितरण किया गया ।


### कार्यालय ग्राम पंचायत कंवलियास, पंचायत समिति हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा

क्रमांक-280 दिनांक - 18/10/2024

**निविदा सूचना 2024-24**

ग्राम पंचायत कंवलियास की और से विभिन्न कार्यों हेतु ग्राम पंचायत की SFC/TTC/SPM के उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजिकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यों की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार को निविदा दिनांक 25.10.2024 को प्रात: 11.00 बजे तक विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 25.10.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी जो उसी दिवस को सांय 3.00 बजे तक उपस्थिति कमेठी के समक्ष खोली जायेगी। संवेदक निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी सभी शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कंवलियास मे देखी जा सकती है। निविदा धारक को 2 प्रतिशत राशि का डीडी से जमा करवाना होगा।

UBN NO. ZBL2425WSRC01517 To ZBL2425WSRC01531
NIB NO. ZBL2425A0663

( सरपंच ) ( ग्राम विकास अधिकारी )
ग्राम पंचायत कंवलियास पंचायत कंवलियास
पंचायत समिति हुरडा ग्राम पंचायत समिति हुरडा

### कार्यालय ग्राम पंचायत नून्द्री मालदेव पंचायत समिति जवाजा

क्रमांक- निविदा/निर्माण/2024-25/75 दिनांक 15/10/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्राम पंचायत नून्दी मालदेव में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा सार्वजनिक निर्माण विभाग जल संसाधन विभाग जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से ई-टेम्परिंग की प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/पक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाइट www-eproc-rajasthan-gov-in and 111111-sppp-rajasthan-gov-in पर अवलोकन की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवस मे देखी जा सकती है। अनुमानित लागत में संकमों के निष्पादन हेतु ई-निविदा ई-प्रोक्युमेन्ट पोर्टल पर आमंत्रित है।

| क्र. सं. | सकर्म का नाम | अनु. लागत राशि लाखों में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म शुल्क | प्रोसेसिंग फीस (MD-RISL) रुपये | निविदा डाउनलोड अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | डी.डी. व हार्ड कॉपी जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिघाडिया शमशान घाट की चारदीवारी निर्माण | 10.00 | 20000 | 500 | 500 | 16.10.2024 से 22.10. 2024 सायं 5.00 बजे तक | 23.10.2024 दोपहर 2. 00 बजे तक | 23.10.2024 सायं 4.00 बजे |

विस्तृत सूचना निविदा फार्म ग्राम पंचायत नून्द्री भालदेव प.स. जवाजा के http://sppp-rajasthan-gov-in व eproc-rajasthan-gov-in पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।
NIB No. PAB2525A0105
UBI No. PAB2525WSRC00124

स्रपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नृन्द्री मालदेव ग्राम पंचायत नृन्द्री मालदेव

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल नावां शहर जिला डीडवाना-कुचामन (राजस्थान)

टेलीफैक्स :- 01586-263157 ई-मेल :- npnawa@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.नावां/2024-2025/1736 दिनांक:- 16.10.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है निम्न वर्णित आवेदक द्वारा पट्टा नियमन , नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें नियमानुसार कार्यवाही की जानी है । अतः पट्टा नियमन ,नामान्तरण जारी किये जाने हेतु यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

| क्र. सं. | आवेदक पिता/पति का नाम मय पता | भूखण्ड के आस-पड़ोस | | | | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | |
| 01 | श्री रुपचन्द जांगीड पुत्र रामदयाल जांगीड जाति जांगीड निवासी खाजपुरा तहसील किशनगढ अजमेर हाल निवासी सुभाष कॉलोनी नावा | लक्ष्मणराम जांगीड का भूखण्ड | दानमल माली का भूखण्ड | भूखण्ड सं. 29 | आम रास्ता | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 02 | श्री भंवर लाल पुत्र भोमाराम निवासी खारडीया नावां | आम रास्ता | स्वयं का भूखण्ड | आम रास्ता | नरेश जाट का मकान | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 03 | श्री शंकरलाल पुत्र बनाराम निवासी सहमत नगर वार्ड नं. 25 नावां | भूखण्ड संख्या 241 | भूखण्ड संख्या 239 | रास्ता | भूखण्ड संख्या 238 | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 04 | श्रीमति सजना पत्नि सीताराम निवासी नावां | गिरधारीलाल की जमीन | रास्ता | सुन्दरीदेवी का प्लाट | गिरधारीलाल की जमीन | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 05 | श्री मालचंद पुत्र कालूराम गुर्जर निवासी रूणिजों का मोहल्ला नावां। | राधेश्याम धूत की भूमि | आम रास्ता | मोहित कुमार बेरिवाल का भूखण्ड | भंवरलाल जाट का भूखण्ड | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 06 | किशनलाल मेघवाल पुत्र नाथूराम मेघवाल, निवासी टंकी की ढाणी वार्ड न. 04 नावां | रामनिवास मेघवाल का मकान | मदनलाल वर्मा का मकान | आम रास्ता | सुन्दारों का खाली भूखण्ड | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 07 | प्रीति शर्मा पत्नि जुगल किशोर, निवासी रामेश्वर धाम मन्दिर के पिछे वार्ड न. 07 नावां | छिपों का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता | मुकेशचद माली का भूखण्ड | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 08 | डाला देवी पत्नि गोपाल, निवासी सुभाष कॉलोनी वार्ड न 06 नावां। | श्योनाथ खटीक का जाव | अलाउदीन के हिस्से का भूखण्ड | आम रास्ता | भूखण्ड संख्या 104 | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 09 | दुलीचंद पुत्र गोपाललाल, निवासी गंगासागर रोड अम्बेंडकर भवन के पिछे वार्ड न. 14 नावां | गोपाललाल का भूखण्ड | सीमा देवी हरिजन का भूखण्ड | आम रास्ता | गोपाललाल जी का भूखण्ड | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 10 | नाथी देवी पत्नि मदनलाल, निवासी टंकी की ढाणी वार्ड न. 04 नावां। | नाथूराम जी का मकान | श्योदान गुर्जर का मकान | आम रास्ता | कान्हाराम का मकान | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 11 | श्रीमति सुनीता सोनी पत्नि विकास सोनी निवासी व्यास कॉलोनी वार्ड नं. 05 नावां | रास्ता | प्लाट नं. 9 व 10बी | प्लाट नं. 15 बी | प्लाट नं. 17 बी | नामान्तरण |

राज.संवाद/सी/24/6673 अधिशाषी अधिकारी